yard in Mandi Govindgarh in Punjab State;

(b) whether the corporation is having a middleman contractor,

(c) if so, the name of the contrator,

(d) the amount paid by the Steel Authority to the corporation per tonne of steel handled, and

(e) the amount paid by the middleman contractor to the labourers per tonne?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA) (a) In their capacity as the consignment agent of the Steel Authority of India Limited, M/s Punjab Small Scale Industries Corporation has a stockyard in Mandi Gobindgarh

(b) and (c) It is understood that M/s Punjab Small Scale Industries Corporation have engaged M/s Banarsi Das Ramji Das Iron & Steel Rolling Mills as Labour and Transport Contractor

(d) Rs 19/- per tonne

(e) The amount paid by the Labour and Transportation Contractor to its workers vary from operation to operation depending on the nature and quantum of work involved

सैनिक प्राधिकारियो और असैनिक अधिकारियो के बीच वेतनमानों में विषमता

364 श्री गंगा भक्त सिंह क्या उप प्रधान मंत्री तथा रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सैनिक अधिकारियो (कैप्टन और मेजर) तथा आर्मी कडेट कालेज, देहरादून जो सैनिक अधिकारियो के लिये सबसे बड़ा प्रशिक्षण कालेज है, के असैनिक अधिकारियो (लेक्चरार) के वेतनमानो और अन्य सुविधाओ में भारी विषमता है,

(ख) यदि हां, तो समान कार्य के लिये समान वेतन के सिद्धान्त को ध्यान में रखते हुये और इस तथ्य को देखते हुये कि असैनिक अधिकारियो (लेक्चरार्स) की नियुक्ति संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर की गई है इस विषमता के क्या कारण हैं, और

(ग) क्या सरकार दोनो श्रेणियो के अधिकारियो को समान वेतनमान और समान सुविधाए देने के प्रश्न पर विचार करेगी और यदि हां, तो कब तक ?

उप प्रधान मंत्री तथा रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) (क) से (ग) सैनिक अधिकारियो और असैनिक लेक्चरारो को मिलने वाले वेतनमानो और अन्य सुविधाओ में समानता नही की जा सकती और न ही ऐसा करने का कोई प्रस्ताव है । क्योकि इन पर विभिन्न अलग-अलग सेवा-शर्तें लागू होती हैं । सैनिक अधिकारियो को किसी भी जगह तैनात किया जा सकता है जिसमे सक्रियात्मक परिस्थितियां भी शामिल है, जबकि असैनिक लेक्चरारो के मामले में ऐसा नही है ।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के रिक्त पद

365 श्री गंगा भक्त सिंह क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) इलाहाबाद उच्च न्यायालय म न्यायाधीशो के कितने पद रिक्त हैं और कब से हैं तथा क्या इन रिक्त पदो को भरने के बारे में सरकार को कुछ प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, और

(ख) यदि हां, तो सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) (क) इलाहाबाद उच्च न्यायालय मे न्यायाधीश का कोई पद रिक्त नही है । दो नये सृजित पदो को, जो भरे नही गये हैं, भरने के लिए कोई प्रस्ताव राज्य प्राधिकारियो से प्राप्त नही हुआ है । ये पद उन तारीखो से स्वीकृत किए गए हैं जब ये भरे जाएंगे ।

(ख) प्रश्न ही नही उठता ।

उत्तर प्रदेश में मिट्टी के तेल की कमी

366 श्री गंगा भक्त सिंह क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रो में अभी भी मिट्टी के तेल की कमी है और यह नियन्त्रित दर पर उपलब्ध नहीं है ,